केंद्रीय विद्यालय रायबरेली

अभ्यास प्रश्न पत्र 2020-21 विषय-हिंदी (कोड-002)

कक्षा-10

निर्धारित समय-3 घंटे अधिकतम अंक-80

**अपठित गद्यांश**

**प्रश्न 1** **5×1=5**

नीचे 2 गद्यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिये और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**गद्यांश 1**

जब मनुष्य जंगली था, उसे नाखून की जरूरत थी |उसको जीवन रक्षा के लिए नाखून बहुत जरूरी थे। असल में वही उसके अस्त्र थे ।दाँत भी थे पर नाखून के बाद ही उनका स्थान था | उन दिनों उसे जूझना पड़ता था। नाखून उसके लिए आवश्यक अंग था। फिर धीरे धीरे वह अपने अंग से बाहर की वस्तुओं का सहारा लेने लगा। पत्थर के ढेले और पेड़ की डाल काम में लाने लगा ।मनुष्य और आगे बढ़ा उसने धातु के हथियार बनाए जिसके पास लोहे के अस्त्र और शस्त्र थे वो विजयी हुए।इतिहास आगे बढ़ा,नख धार मनुष्य अब एटम बम पर भरोसा करके आगे की और चल पड़ा। पर उसके नाखून अब भी बढ़ रहे है। अब भी प्रकृति मनुष्य को उसके भीतर वाले अस्त्र से वंचित नहीं कर रही है, अब भी वो याद दिला देता है की तुम्हारे नाखून को भुलाया नहीं जा सकता|तुम वही लाख वर्ष पहले बाले नखदन्तावलम्बी जीव हो -पशु के साथ एक ही सतह पर विचरने वाले और चरने वाले।

1. मनुष्य को नाखून जरूरी क्यों थे ?

क) शस्त्र बनाने के लिए

ख) उंगलियों को सुंदर बनाने के लिए

ग) अंगुलियों की सुरक्षा के लिए

घ) जीवन रक्षा के लिए

2. कुछ समय बाद मनुष्य किन चीजों का सहारा लेने लगा?

क) पत्थर के ढेले और पेड़ की डाले

ग) नाखून से बने हथियार

ख) पत्थर के बर्तन

घ) जानवरों के दाँत

3. मनुष्य अब किस पर भरोसा कर के आगे की और चल पड़ा है ?

क) परमपिता परमेश्वर पर

ख) एटम बम

ग) वज्र

घ) नाखून

4 प्रकृति मनुष्य को कौन से अस्त्र से वंचित नहीं कर रही ?

क) वज्र

ख) तन

ग) हस्त

घ) नख

5 लेखक ने मनुष्य को कैसा जीव बताया है?

क) संघर्ष करने वाला जीव

ख) युद्ध करने वाला जीव

ग) परजीवी जीव

घ) नखधारी जीव

या

**गद्यांश 2**

आज भारतवर्ष की तपोभूमि पर नैतिक मूल्यो का पतन निरंतर जारी है । यही कारण है कि आज स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी हम स्वयं को स्वतंत्र नहीं कह सकते । चोरी, डकैती, हिंसा,काला बाजारी, भ्रष्टाचार और बेईमानी- जैसी अनैतिक प्रवृत्तियों ने भारत की तस्वीर को विकृत कर दिया है । सत्य, अहिंसा, परोपकार की भावना तो लुप्त ही होती जा रही है। ये तो हमें मानना ही पड़ेगा, कि वैज्ञानिक दृष्टि से भारत ने पिछले छियासठ वर्षों में असंभव को संभव कर दिया है। लेकिन प्रगति के साथ-साथ समस्याओं ने भी जन्म ले लिया। आज भारतवर्ष शांतिप्रिय नहीं रहा, क्योंकि देश की बाढ़ ही उसे खाये जा रही है। भ्रष्ट नेताओं के कारण भारत की तस्वीर के रंग फीके पड़ते जा रहे हैं। आज हम असुरक्षा की भावना से ग्रस्त है। कभी धर्म के नाम पर झगड़े. कमी आरक्षण को लेकर झगड़े। आज आतंकवाद के राक्षस ने सबको दबोच रखा है। इन सब के पीछे हमारी भ्रष्ट राजनीति है। जब राजनेता रिश्वत ले कर कार्य करे, तो क्या वे अपने राष्ट्र से प्रेम कर सकेंगे, कदापि नहीं। फिर हम उनसे कैसे आशा कर सकते है कि वे हमारे भारत की तस्वीर को विश्व के मानचित्र पर चमकाएंगे।

1 हमारे देश में बिना रुके किस का निरंतर ह्रास जारी है?

(क) आर्थिक मूल्य (ग) नैतिक मूल्य

(ख) धार्मिक मूल्य (घ) सामाजिक मूल्य

2 भारतीय समाज से किस भावना की समाप्ति सी होती जा रही है ?

(क) प्रेम। (ख) आस्तिकता

(ग) वात्सल्य (घ) परोपकार

3 भारत की छवि को धूमिल करने की मुख्य जिम्मेवारी है

(क) लापरवाह चिकित्सकों की

(ख) भ्रष्ट नेताओं की

(ग) कामचोर अफसरों की

घ) आराम पसंद अध्यापकों की

4 राजनीति का परिणाम है-

(क) आतंकवाद

(ख) अहिंसावाद

(ग) भाई-भतीजावाद

(घ) अस्तित्ववाद

5 किन से उम्मीद नहीं की जा सकती कि ते देश कि कवि को विश्व के मानचित्र पर उज्ज्वल बनाएंगे ?

(क) अभिनेता

(ख) सह-अभिनेता

(ग) राजनेता

(घ) रिश्वतखोर नेता

**प्रश्न 2**

नीचे 2 पद्यांश दिए गए है। किसी एक पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये. 5x1=5

फिर से नहीं आता समय जो एक बार चला गया ,

जग में कहो बाधा रहित कब कौन काम हुआ भला |

'बहती नदी सूखे अगर उस पार मैं इसके चलूं :

इस सोच में बैठा पुलिन पर.पार जा सकता भला ?

किस रीत से क्या काम कब करना,बना के योजना .

मन में लिए आशा प्रबल, दृढ़ जो वही बढ़ जाएगा ।

उसको मिलेगा तेज़,बल,अनुकूलता सब ओर से

वह कर्मयोगी,वीर अनुपम,अनुपम.साहसी सुख पाएगा ||

वो वीर भोग्या,जो हृदयातल से बनी वसुधा सदा ।।

करती रही आहवान है,युग वीर का पुरुषत्व का ।

कठिनाइयों में खोज पय,ज्योतिपूरित जो करे,

विजयी वही होता धरनि सुत वरण कर अमरत्व का।।

1 संसार के किसी भी कार्य में आवश्यक रूप से क्या आती है ?

क) बाधा

ख) निराशा

ग) हताशा

घ) खुशी

2.मानव मन में कैसा भाव उसे सदा सफलता की ओर प्रशस्त करता है ?

क विवशता

ख निराशा

ग) हताशा

घ) दृढ़ता

3.किस प्रकार का व्यक्ति जीवन में सुख की प्राप्ति करता है?

क )आशावान

ख) कर्मयोगी

ग )धनवान

घ) समझदार

4 ये धरती सदा के लिए किसका आहवान करती रही है?

क )कायरों का

ख) विद्वानों का

ग) मुनियों का

घ) वीरों का

5 अमरत्व प्राप्त करने वाला व्यक्ति अपनी राह किससे खोज निकालता है?

क) कठिनाइयों से

ख) सुखों से

ग ) धन से

घ) बातों से

या

**पद्यांश 2**

फलेगी फूलकर खेती किसानों के कुमारों की ॥
घटेगी अब नहीं पूँजी खरे दुकानदारों की
बढ़ा देगी कलाकारी कमाई शिल्पकारी की।
बढाई लोक में होगी सुलक्षण होनहारों की ||
खुलेगा द्वार उद्यम का प्रथा ऐसी प्रासारेंगे |
भलाई को न भूलेगे तुझे भारत सुधारेंगे ॥
अरे रंग पड़ गया पीला कलेवर लाल तेरे का |
नहीं कुल केसरी गरजे किसी भूपाल तेरे का ॥
उजाला अब नहीं होता मुकुट रवि बाल तेरे का ।
न छोड़ा हाय ब्रहमा ने तिलक भी भाल तेरे का ||
डरों मत,इस अधोगति के प्रपंचो को पजारेंगे।
भलाई को न भूलगे तुझे भारत सुधारेंगे ।

1.यहाँ " खरे दुकानदार' से क्या तात्पर्य है ?

क ) खरा सामान बेचने वाला

ख) खास सामान बेचने वाला

ग) खरा सामान खरीदने वाला

घ) खास सामान बनाने वाला

2 कैसी प्रथा प्रारंभ की जाएगी?

क )जिसमें मेहनती लोगों को काम मिले

ख) जिसमें सभी को मेहनताना मिले

ग )जिसमें बिना कुछ किये मेहनताना मिले

घ )खेत को बेच के मेहनताना मिले

3 'भाल शब्द का क्या अर्थ है ?

क) माथा

ख) बिंदी

ग) हाथ

घ) कलाई

4 अधोगति का क्या आशय है?

क) उत्थान

ख) गतिशीलता

ग) पतन

घ) तरक्की

5 इस कविता का सन्देश क्या है ?

क) भगवान के कार्यों को याद करो

ख) दुकानदारी खरी होनी चाहिए

ग) देश की स्थिति को सुधारा जाए

घ)श्रम का द्वार खुले

**व्यावहारिक व्याकरण**

प्रश्न 3 निम्नलिखित छः भागों के उत्तर दीजिये 6

1) लता यहाँ आई और रेखा बाहर गई |

रचना के आधार पर सही वाक्य भेद है |

(क) सरल वाक्य

(ख) मिश्र वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य

(घ) संज्ञा उपवाक्य

2) विधेय के अंतर्गत नहीं आता -

(क) पूरक

(ख) कर्म

(ग) क्रिया का विस्तार

(घ) जिसके बारे में कुछ कहा जाए

3) उद्देश्य में सम्मिलित नहीं है

(क) कर्ता का विस्तार

(ख) कर्ता

(ग) जिसके बारे में कुछ कहा जाए

(घ) कर्म का विस्तार

4) एक प्रधान उपवाक्य और एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं

(क) संयुक्त वाक्य में

(ख) विशेषण वाक्य में

(ग) मिश्र वाक्य में

(घ) लघु वाक्य में

5) रमा ज्यों ही घर पहुंची , वर्षा शुरू हो गई ।

रेखांकित उपवाक्य का भेद है ।

(क) संज्ञा आश्रित वाक्य

(ख) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(ग) समानाधिकरण उपवाक्य

(घ) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

6) 'राहुल बाज़ार गया । वहाँ से अमरूद लाया' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा?

क) राहुल बाज़ार गया और वहाँ से अमरूद लाया।

ख) राहुल अमरूद लाया जब वह बाज़ार गया।

ग) राहुल बाज़ार जाकर अमरूद लाया।

घ) जब राहुल बाज़ार गया तो वहाँ से अमरूद लाया।

**प्रश्न 4** निम्नलिखित पांच भागों  के उत्तर दीजिये। 5

1) जिस वाक्य में कर्ता के अनुसार क्रिया का रूप बदलता है .उसे कहते हैं -

(क) भाववाच्य

(ख)साधारण वाच्य

(ग)कर्मवाच्य

(घ)कर्तृवाच्य

2) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृ वाच्य वाला वाक्य छाँटिए

क) राम द्वारा कल पत्र लिखा जाएगा।

ख) बच्चों द्वारा नमस्कार किया गया।

ग) हमसे इस खुले मैदान में दौड़ा जाएगा।

घ) नेताजी ने देश के लिए सब त्याग दिया।

3) 'सुमन जल्दी नहीं उठती'-प्रस्तुत वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।

क) सुमन जल्दी नहीं उठ पाती।

ख) सुमन जल्दी से नहीं उठ सकेगी।

ग) सुमन जल्दी नहीं उठ पाएगी।

घ)सुमन से जल्दी नहीं उठा जाता।

4) सुमित्रा द्वारा पत्र पढ़ा गया | कौन सा वाच्य है?

(क)कर्मवाच्य

(ख)कर्तृवाच्य

(ग)भाववाच्य

(घ)अन्य

5) भाववाच्य छाँटे-

क) लता से सोया नहीं जाता |

(ख) लता सो नहीं सकती |

(ग) लता सो नहीं पाती |

(घ) लता नहीं सो सकती |

प्रश्न 5 निम्नलिखित पांच भागों  के उत्तर दीजिये। 5

1. <u>वह</u> दिन भर पढ़ता रहा ।

(क) निश्यवाचक सर्वनाम , अन्य पुरुष , एकवचन , कर्ता कारक , है"क्रिया का कर्ता

(ख) अनिश्यवाचक सर्वनाम अन्य पुरुष ,कर्म कारक एकवचन, है क्रिया का कर्ता

(ग) निश्यवाचक सर्वनाम , उत्तम पुरुष ,बहुवचन ,कर्ता करक, है क्रिया का कर्ता

(घ) निश्यवाचक सर्वनाम , मध्यम पुरुष, बहुवचन ,कर्मकारक है क्रिया का कर्ता

2 मैं <u>दसवीं</u> कक्षा में पढता हूँ।

(क)संख्यावाचक विशेषण क्रमसूचक स्त्रीलिंग, एकवचन , कक्षा विशेष्य

(ख) परिमाणवाचक विशेषण , क्रमसूचक , पुल्लिंग, एकवचन , कक्षा विशेष्य

(ग) स्थानवाचक विशेषण, क्रमसूचक , स्त्रीलिंग , बहुवचन , कक्षा विशेष्य |

(घ) सार्वनामिक विशेषण ,क्रमसूचक , पुल्लिंग , एकवचन कक्षा विशेष्य |

3'तालाब में कमल <u>खिलते है'-</u> रेखांकित पद का परिचय है।

क) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल,कर्तृ वाच्य

ख). अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिग,वर्तमान काल, कर्तृवाच्य,

ग) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग,वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य

घ). अकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य

4 <u>रंग-बिरंगे</u> फूल देखकर मन प्रसन्न हो गया। रेखांकित पद का परिचय है।

क) संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, "फूल विशेष्य का विशेषण

ख)गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, "फूल विशेष्य का विशेषण

ग) गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण

घ). गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का विशेषण

5 प्रधानाचार्य ने <u>आपको</u> बुलाया है -रेखांकित पद का परिचय है?

क) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक

ख) निजवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

ग) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग/पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक

घ). उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग/पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

**पाठ्य-पुस्तक**

**प्रश्न6** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।        5×1=5

खेतीबारी करते. परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत माधु धे-साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरनेवाले कबीर को साहब मानते थे,उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलने कभी झूठ नहीं बोलते. खरा व्यवहार | रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता-कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते! वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज साहब' की थी जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उस साहब' के दरबार में ले जाते - जो उनके घर से चार कोस दर पर था ।एक कबीरपंथी मठ से मतलब !वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाता। 'प्रसाद रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते!

1))लेखक ने बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा है?

क)वे साधू के समान दिखते थे।

ख) वे मोह-माया से दूर थे।

ग) वे सच्चे साधुआ जैसा ही उत्तम आचार-विचार रखते थे| ।

घ) वे किसी से झगड़ा नहीं करते थे|

2) बालगोबिन भगत का कौन-सा कार्य-व्यवहार लोगों के आश्चर्य का विषय था?

क) जीवन के सिद्धांतों और आदर्शों का गहराई से अपने आचरण में पालन करना।

ख)गीत गाते रहना।

ग)किसी से झगड़ा न करना।

घ) अपना काम स्वयं करना।

3)बालगोबिन भगत कबीर के आदर्श पर चलते थे क्योंकि

क) कबीर भगवान का रूप धे

ख. वे कबीर की विचारधारा से प्रभावित थे।

ग). कबीर उनके गाँव के मुखिया थे ।

घ) कबीर उनके मित्र थे।

4)बालगोबिन भगत के खेत में जो कुछ पैदा होता, उसे वे सर्वप्रथम किसे भेंट कर देते?

क) गरीबों को

ख) मंदिर में|

ग).घर में

घ) कबीरपंथी मठ में

5)'वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी हर चीज 'साहब' की थी - वहाँ साहब' से क्या आशय है:?

क)गुरु ।.

ख)मुखिया

ग)कबीर

घ)भगवान

**प्रश्न 7** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 2×1=2

1)नेताबी का चश्मा' कहानी में 'बस्ट' किसे कहा गया है?

क) चश्मा

ख) मूर्ति

ग) कैप्टन

घ) सरकंडा

2) फ़ादर कामिल बुल्के का हिन्दी प्रेम किस प्रसंग से प्रकट होता है?

क)उन्होंने प्रामाणिक अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश तैयार किया।

ख)भारत आकर पढ़ना।

ग)'परिमल' के सदस्यों से गहरा लगाव

घ)।भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग थे|

**प्रश्न 8** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए। 5×1=5

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा ॥

आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही॥

सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरि करनी करि करिअ लराई ॥

सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ॥

सो बिलगाउं बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा ॥

सुनि मुनि बचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने ॥

बहु धनुहीं तोरी लरिकाई। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं ॥

एहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू ॥

रे नृप बालक कालबस, बोलत तोहि न सँभार। धनुही सम तिपुरारि धनु, बिदित सकल संसार ॥

1.यह कौन कहता है कि धनुष तोड़ने वाला तुम्हारा ही कोई दास होगा?

(क) राम

(ख) लक्ष्मण

(ग) विश्वामित्र

(घ) परशुराम

2.लक्ष्मण की किस बात से परशुराम की क्रोधाग्नि भड़क गई?

(क) लक्ष्मण द्वारा परशुराम को कायर बताने पर

(ख) शिवजी के धनुष को धनुहीं कहने पर

(ग) बिना वात के बोलने पर

(घ) लक्ष्मण द्वारा धनुष तोड़ने पर

3.राम ने जिस धनुष को तोड़ा वह किसका था?

(क) लक्ष्मण का

(ख) परशुराम का

(ग) राजा जनक का

(घ) तीनों लोकों के स्वामी शिवजी का

4.भृगुकुलकेतू कौन है?

(क) श्रीराम

(ख) लक्ष्मण

(ग) विश्वामित्र

(घ) परशुराम

5.इस पद्यांश में किस छंद का प्रयोग हुआ है ?

(क) चौपाई

(ख) दोहा

(ग) चौपाई व दोहा दोनों

(घ) सवैया

प्रश्न 9 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिये गए विकल्प से चयन कर लिखिए- 2×1=2

(1) बादल को कवि ने गरजने के लिए कहा है, जिससे कि वातावरण में

( क) जोश और क्रांति फ़ैल सके|

(ख) गर्मी समाप्त हो सके

(ग) बच्चे डर जाए।

(घ) इनमें से कोई नहीं

2-गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

(क)प्रजा को सांत्वना देना

(ख)प्रजा से कार्य करवाना

(ग)प्रजा की रक्षा करना

(घ)प्रजा की तरफ ध्यान न देना

**वर्णनात्मक प्रश्न पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक**

**प्रश्न 10** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25.30 शब्दों में लिखिए: 2×4=8

(i) फादर बुल्के ने संन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एक नई छवि प्रस्तुत की है , कैसे?

(ii) हालदार साहब कैप्टन को देखकर अवाक क्यों रह गए! नेताजी का चश्मा पाठ के आधार पर लिखिए |

(iii) भगत साधुता का जीवन जीते हुए भी स्वाभिमानी थे। कैसे?

(iv) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के माध्यम से लेखक ने नवाबी परंपरा पर व्यंग्य किया है। कैसे?

**प्रश्न 11** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।. 2×3=6

(I) गोपियों को कृष्ण में ऐसे कौन -से परिवर्तन दिखाई दिए जिनके कारण वे अपना मन वापिस पा लेने की बात कहती हैं

(II) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है?

(III) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने पर क्या-क्या तर्क दिए? 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 12** निम्नलिखित प्रश्नों में में किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दी में लिखिए: 3×2=6

**(i)**माता का अंचल' पाठ के आधार पर बताइए कि तत्कालीन व वर्तमान समय में बत्त्वों की खेल-सामग्रियों में क्या परिवर्तन आए हैं। बच्चों के खेलों में हुए परिवर्तनों का अके मूल्यों पर कितना प्रभाव पड़ा है।

(ii) नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का द्योतक है। यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभर कर आई है? 'जॉर्ज पंचम की  नाक के आधार पर लिखिए।

(iii)'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में कहा गया है कि कटाओ पर किसी दुकान का न होना वरदान है, ऐसा क्यों ?भारत के अन्य प्राकृतिक स्थानों को वरदान बनाने में युवा नागरिक की क्या भूमिका हो सकती है?

**प्रश्न13**

निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में|

एक अनुच्छेद लिखिए: 1×5=5

1. परीक्षा से पहले मेरी मनोदशा

* परीक्षा नाम से भय

*पर्याप्त तैयारी

* प्रश्न पत्र देखकर भय दूर हुआ

2. कोरोना वायरस

*कोरोना का संक्रमण

* बचाव के उपाय

*लॉकडाउन के सकारात्मक प्रभाव

3. मोबाइल फोन सुविधा या असुविधा

*फैशन के रूप में मोबाइल

*परिवारों के लिए त्रासदी

*विद्यालय परिसर में मोबाइल व स्वास्थ्य पर पड़ता प्रभाव

**प्रश्न 14** **1*5=5**

अपने शहर में फैले हुए रोगों की जानकारी देते हुए प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखिए।।

**अथवा** |

छात्रावास में रहने वाले अपने छोटे भाई को एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखकर प्रातःकाल नियमित रूप से योग

एवं प्राणायाम का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कीजिए।

**प्रश्न 15** **1*5=5**

पर्यावरण विभाग की ओर से जल-संरक्षण का आग्रह करते हुए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए |

**अथवा**

'लोटस हर्बल शैम्पू' बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए

**प्रश्न 16** **1*5=5**

अपने बड़े भाई के विवाह पर उन्हें एक बधाई संदेश 30-40 शब्दों में लिखिए

**अथवा**

"शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने हिन्दी शिक्षक के लिए एक भावपूर्ण संदेश 30-40 शब्दों में लिखिए